यूटीयू ने राजभवन में दिया डैशबोर्ड का प्रस्तुतिकरण

राजभवन में डैशबोर्ड का प्रस्तुतिकरण के दौरान राज्यपाल के साथ यूटीयू के कुलपति व अन्य।

देहरादून(एसएनबी)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह के सम्मुख शुक्रवार को राजभवन में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय(यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय विद्यालयों के लिए तैयार किए जा रहे डैशबोर्ड के संवंध में प्रस्तुतीकरण दिया।

राज्यपाल ने दिए थे स्कूलों की जानकारियों के लिए यूटीयू को एक डैशबोर्ड बनाने के निर्देश

गौरतलब है कि राज्यपाल द्वारा विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की समस्त जानकारियों के लिए यूटीयू को एक डैशबोर्ड बनाने के निर्देश दिए गए थे। इसके अनुपालन में कुलपति यूटीयू द्वारा अद्यतन प्रगति के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया गया। कुलपति ने बताया कि इस डैशबोर्ड में विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शिक्षा विभाग के पास उपलब संसाधनों का ब्योरा, विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों का विवरण, विद्यालय में तैनात अयापकों का विवरण, उनकी योग्यता व विशेपज्ञता, विद्यालय के पास उपलब्ध फर्नीचर, प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि सुविधा का सम्पूर्ण रियल टाइम ब्योरा उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने कहा कि इसमें सभी विद्यालयों द्वारा उनके अनुसार डाटा भरा जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि डैशबोर्ड के माध्यम से सभी स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों की रियल टाइम मनीटरिंग और जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से डैशबोर्ड में आवश्यक सुधार और विद्यालयों की अद्यतन जानकारी यथा शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय एआई और टेक्नोलाजी का है हमें उसका लाभ लेना जरूरी है। उन्होंने कहा डैशबोर्ड कल्चर से विद्यालयों के विकास और शिक्षा के स्तर को सुारने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरु, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया और अपर निदेशक शिक्षा मुकुल कुमार सती मौजूद थे।